जाते ही खाटू मेरा काम हो गया | By Sandeep Sharma

हारे का सहारा है तू
भक्तों का रखवाला है तू
जग में तेरा नाम ऊँचा खाटू के श्याम

घर घर में मेरे श्याम तेरा नाम हो गया
जाते ही खाटू बिगड़ा मेरा काम हो गया

मतलब का है संसार कोई काम ना आये
झूठे हैं रिश्ते सारे करते सब ही दिखावे
साँचा है रिश्ता श्याम सबसे प्रेम ये करे
जब बाबा तेरे साथ फिर तू काहे को डरे
बस एक झलक देखा दिल ग़ुलाम हो गया
जाते ही खाटू बिगड़ा मेरा काम हो गया

गिरते हुए को मेरे श्याम तुम उठाते हो
हारे के सहारे यूँ ही नहीं कहाते हो
दीनो की लाज बाबा बचाता ही रहेगा
आता है लीले चढ़के और आता ही रहेगा
सेठों के सेठ हो ये चर्चा आम हो गया
जाते ही खाटू बिगड़ा मेरा काम हो गया

जब सबने छोड़ा बाबा श्याम तू सहारा था
बेटा समझ का पाला मैं किस्मत का मारा था
चिंता मैं क्या करूँ ये बाबा साथ रहता है
तुझसा नहीं संदीप ये हरा बार कहता है
अब हेलो है छोडो जय श्री श्याम हो गया
जाते ही खाटू बिगड़ा मेरा काम हो गया

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9c%e0%a4%be%e0%a4%a4%e0%a5%87-%e0%a4%b9%e0%a5%80-%e0%a4%96%e0%a4%be%e0%a4%9f%e0%a5%82-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%95%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%b9%e0%a5%8b-%e0%a4%97%e0%a4%af/